**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**बायोटेक्नोलॉजी विभाग**
**ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड**
**नई दिल्ली-110003**

**<u>विज्ञापन सं. ए-12024/01/2025-स्था.-डीबीटी</u>**

**बायोटेक्नोलॉजी विभाग में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सीधी भर्ती के आधार पर वैज्ञानिक 'एच' के पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-**

- **आवेदन आरंभ होने की तारीख:** एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से
- ऑनलाइन मोड में आवेदन करने की **अंतिम तारीख:** एम्प्लायमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30वां दिन।

1. **पद का नाम : वैज्ञानिक 'एच'**
2. **विवरण: ग्रुप 'क' वैज्ञानिक पद (राजपत्रित)**
3. **वेतनमान : सातवें वेतन आयोग में वेतन मैट्रिक्स लेवल**-1**5** (**रु. 182200**-**224100**/-)
4. **रिक्तियां : दो** (**02**) [**अनारक्षित**]

**नोट 1: भरे जाने वाले पदों की संख्या विज्ञापन में दी गई संख्या से भिन्न हो सकती है। विभाग को इस विज्ञापन के उपरांत उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को इस भर्ती प्रक्रिया के तहत मुख्य सूची या प्रतीक्षा सूची में पैनल द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों की वैधता तिथि तक भरने का अधिकार सुरक्षित है। विभाग के पास बिना कोई कारण बताए भर्ती को रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित है।*

**नोट 2: वैज्ञानिक 'एच' के पद के लिए रिक्तियां आरक्षण के दायरे से बाहर हैं।*

**नोट 3: विकलांग व्यक्तियों सहित सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी, हालांकि उनके लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। ऐसे उम्मीदवारों के बारे में भी इन पदों पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए सामान्य योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा।*

**5. पद का स्वरूप: स्थायी**

**6. पात्रता शर्तें:**

**6.1 राष्ट्रीयता:** आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए।

**6.2 आयु सीमा**: सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होगी। आयु-सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तारीख उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।
केन्द्र द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी। [कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का दिनांक 15.10.1987 का कार्यालय ज्ञापन संख्या 15012/8/87-स्था.(डी)]।

***नोट I*** : *विभाग द्वारा स्वीकृत की जाने वाली जन्म की तारीख वह मानी जाएगी जो मैट्रिक या माध्यमिक विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र में या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र, जो मैट्रिक के समकक्ष हो या किसी विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए मैट्रिक के एक रजिस्टर के उद्धरण में दर्ज हो। उक्त उद्धरण को विश्वविद्यालय के संगत प्राधिकारी या उच्चतर माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। इन प्रमाणपत्रों को पद के लिए आवेदन करते समय ही जमा करना आवश्यक है। आयु से संबंधित कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्मकुंडली, शपथ पत्र, नगरपालिका सरकार निगम से जन्म संबंधी दस्तावेज, सेवा रिकॉर्ड और इसी तरह के अन्य दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।*

***नोट II***: *उम्मीदवार यह नोट कर लें कि आवेदन पत्र जमा करने की तारीख को मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या समकक्ष प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म की तारीख को ही विभाग द्वारा स्वीकार किया जाएगा और बाद में इसमें परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा या न ही उसकी अनुमति दी जाएगी।*

***नोट III***: *उम्मीदवार को पद के लिए ऑनलाइन आवेदन में अपनी जन्मतिथि दर्ज करते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए। यदि सत्यापन करने पर बाद के किसी चरण में उनकी जन्मतिथि और उनके मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज की गई तारीख में कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विभाग द्वारा उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

**6.3 शैक्षिक योग्यता:**

**अनिवार्य:** जीवन विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी या जैव रसायन या कम्प्यूटेशनल या फार्मास्युटिकल या कृषि या पशु चिकित्सा विज्ञान या संबंधित विषयों में से किसी भी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी); या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में पीएचडी - रासायनिक या जैव चिकित्सा या जैव प्रौद्योगिकी या बायोफार्मा; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से चिकित्सा की किसी भी शाखा में डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी)।

***नोट I:*** *अभ्यर्थी के पास भारत में केन्द्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा-3 के अंतर्गत मानद विश्वविद्यालय घोषित किसी अन्य शैक्षणिक संस्थान से वैध डिग्री होनी चाहिए, या आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक उसके पास समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।*

***नोट II:*** *ऐसे उम्मीदवार जो व्यावसायिक और तकनीकी योग्यता रखते हो, जिन्हें सरकार द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी डिग्री के समकक्ष मान्यता प्रदान की गई, भी आवेदन करने के पात्र होंगे।*

**6.4 अनुभव:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भौतिक/रासायनिक/जैविक/पृथ्वी-वायुमंडलीय/पर्यावरण/गणित/कम्प्यूटेशनल और सूचना/कृषि विज्ञान में कम से कम मास्टर डिग्री प्राप्त की हो या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/जैव प्रौद्योगिकी/चिकित्सा या पशु चिकित्सा विज्ञान या फार्मास्युटिकल विज्ञान में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम 4 वर्ष का डिग्री कोर्स) के बाद जैव प्रौद्योगिकी/जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में न्यूनतम बीस वर्ष का अनुभव।

**नोट:** वैज्ञानिक 'एच' के पद के लिए जैव प्रौद्योगिकी के व्यापक परिप्रेक्ष्य के साथ अनुसंधान और विकास या प्रबंधन और प्रशासन या योजना या औद्योगिक या शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों में जिम्मेदार पद पर कार्य करने का अनुभव हो।

**7. पद से संबद्ध कार्य:**

(i) अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के बायो ई3 दृष्टिकोण के साथ कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण, औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी, जैव विनिर्माण, डिजिटल स्वास्थ्य, डाटा विज्ञान और पशु जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों में युक्तिपूर्ण नेतृत्व प्रदान करना।

(ii) अनुसंधान एवं विकास परिणामों के सार्वजनिक प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करते हुए जैव सुरक्षा, जैव प्रौद्योगिकी विनियमन, आईपी अधिकार, डीएनए प्रोफाइलिंग कानून और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संबंध में नीतिगत रूपरेखा की निगरानी, सार्वजनिक अनुसंधान और विकास परिणामों का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करना।

(iii) जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सार्वजनिक-निजी भागीदारी, जैव प्रौद्योगिकी पार्क, इनक्यूबेटर, बायो ई3, सेल और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तंत्र के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देना।

(iv) उद्योग-अकादमिक संबंधों को बढ़ावा देने और परिणाम-उन्मुख, ऑकड़ों के माध्यम से परिलक्षित अनुसंधान एवं विकास को संभव बनाने के लिए ब्रिक+ संस्थानों, उत्कृष्टता केंद्रों और राष्ट्रीय सुविधाओं के बीच समन्वय करना।

**8. आवेदन कैसे करें:**

I. पात्र उम्मीदवारों को केवल निम्नलिखित पोर्टल - https://dbtindia.gov.in/whats-new/vacancies पर वैध ईमेल-आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से आवेदन पत्र भरना और जमा करना आवश्यक है। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। उम्मीदवारों को संबंधित प्रमाण पत्र/दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भरने से पहले इस संबंध में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। यह सुनिश्चित करना उम्मीदवारों का दायित्व है कि वे आवेदन भरते समय इन निर्देशों का पालन करें और स्पष्ट सुपाठ्य प्रमाण पत्र/दस्तावेज अपलोड करें। अपाठ्य/गलत प्रमाण पत्र/दस्तावेजों को अपलोड करने से उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है। आवेदनों पत्रों की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

II. नोट: अनुभव/रोजगार प्रमाणपत्र में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, कार्यमुक्ति की तिथि, धारित पद और अनुभव से संबंधित कार्य के संबंध में स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

III. सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों को परिशिष्ट-II में दिए गए निर्दिष्ट प्रारूप में, उक्त संगठन के सक्षम प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण

पत्र (एनओसी) अपलोड करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना ऐसे उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि उन्होंने पोर्टल में इसे अपलोड करने की समयावधि के भीतर अपने विभाग/संगठन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। नियोक्ता से विगत पांच वर्षों के एपीएआर की अभिप्रमाणित प्रतियों की आवश्यकता साक्षात्कार के समय होगी।

IV. शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि और अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्र की प्रतियां आवेदन के साथ अपलोड की जानी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

V. आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेज स्व-सत्यापित होने चाहिए।

VI. ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले, उम्मीदवार के पास जेपीजी प्रारूप में विधिवत स्कैन की गई अपनी फोटो और हस्ताक्षर होने चाहिए जिसकी प्रत्येक फाइल 40 केबी से अधिक न हो और फोटोग्राफ का आकार 3 केबी और हस्ताक्षर के लिए 1 केबी से कम न हो। अन्य दस्तावेज, जिन्हें अपलोड किया जाना आवश्यक है, उनकी फ़ाइल का आकार इस प्रकार है:-

| **दस्तावेज़ का नाम** | **अधिकतम आकार** | **अपलोड करने का प्रारूप** |
|---|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र | 500केबी | केवल पीडीएफ |
| नियोक्ता से एनओसी (निर्धारित प्रारूप में) | 200केबी | केवल पीडीएफ |
| प्रकाशनों का विवरण | 200केबी | केवल पीडीएफ |
| पेटेंट का विवरण | 200केबी | केवल पीडीएफ |

VII. आवेदकों को विज्ञापन के संबंध में केवल एक आवेदन पत्र जमा करना चाहिए। एक से अधिक आवेदनों पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा।

**9. सामान्य शर्तें:**

I. संबंधित भर्ती नियम विभाग की वेबसाइट (www.dbtindia.gov.in) पर निम्नलिखित लिंक विनियम एवं दिशानिर्देश < नियम और विनियम (Regulation & Guidelines < Rules & Regulations) के तहत उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पहले इन दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

II. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे विभाग की वेबसाइट www.dbtindia.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र अथवा कोई भी अद्यतन सूचना केवल विभाग की वेबसाइट पर ही डाली जाएगी।

III. उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा ना करें ताकि

अंतिम दिनों के दौरान वेबसाइट पर व्यापक लोड के कारण पोर्टल पर लॉग इन करने में अक्षमता/असमर्थता या विफलता की संभावना से बचा जा सके।

IV. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों में से उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार किया जाएगा, जो साक्षात्कार की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगा।

V. साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं किए गए उम्मीदवारों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

VI. सभी पात्र उम्मीदवारों के परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। इस संबंध में विभाग के साथ किसी भी पत्राचार पर सामान्यत: विचार नहीं किया जाएगा।

VII. उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन जमा करने के बाद उनकी उम्मीदवारी वापस लेने संबंधी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

**10. उम्मीदवारों के मार्गदर्शन के लिए संपर्क विवरण:** अपने आवेदन पत्र, उम्मीदवारी आदि के संबंध में किसी भी मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण के मामले में, उम्मीदवार कार्य दिवसों में 10.00 बजे से 17.00 बजे के बीच दूरभाष संख्या- 011-24362363 पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए *recruitment.dbt@nic.in* पर ईमेल भेजा जा सकता है।

**11. परिवीक्षा:** चयनित उम्मीदवार नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष अवधि तक परिवीक्षा पर रहेंगे और उन्हें भारत सरकार द्वारा समुचित समझे जाने वाले किसी भी प्रशिक्षण पर भेजा जा सकता है।

**12. सेवा का दायित्व:**

I. इस अधिसूचना के तहत नियुक्त होने वाले वैज्ञानिक को भारत में कहीं भी सेवा देनी होगी।

II. नियुक्त वैज्ञानिक को केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर तय किए गए अनुसार भारत या विदेश में प्रदान किए जाने वाले ऐसे प्रशिक्षण या पाठ्यक्रम संबंधी व्यापक अनुदेश प्राप्त करने होंगे ।

III. यदि किसी वैज्ञानिक को किसी प्रशिक्षण या पाठ्यक्रम के लिए नामित किया जाता है जिसकी अवधि 6 माह या अधिक हो या कोई वैज्ञानिक जिसे विदेश में या किसी निजी फर्म या भारत में किसी उद्योग में किसी प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाता है, चाहे प्रशिक्षण की अवधि कितनी भी हो तो उसे न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि के लिए केंद्र सरकार की सेवा करने संबंधी एक बॉन्ड भरना होगा। यदि वह किसी भी कारण से प्रशिक्षण के दौरान अथवा ऐसे प्रशिक्षण की समाप्ति के तीन वर्ष की अवधि के दौरान विभाग से अपनी सेवा को छोड़ने का निर्णय करता/करती है तो वह प्रशिक्षण की कुल लागत को वापस करना होगा।

**13. नियुक्ति की गारण्टी**: यह अधिसूचना किसी भी तरह से अधिसूचित पदों पर नियुक्ति की गारंटी नहीं देती है और केवल विभाग के पास अनुमोदित मानदंडों के अनुसार अधिसूचित पदों पर नियुक्ति का अधिकार सुरक्षित है।

**14. अनर्हता**:

I. सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना/परिशिष्ट- I में निर्धारित मानदण्डों का सख्ती से अनुपालन करने की सलाह दी जाती है। उन्हें इस संबंध में विभाग के साथ न्यूनतम पत्राचार करने की भी सलाह दी जाती है। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने अपनी नियुक्ति को सुरक्षित करने के लिए अवैध साधनों/स्रोतों/प्रतिरूपण/रिश्वत का उपयोग किया है तो किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है तथा इस मामले में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

II. उम्मीदवार द्वारा फर्जी दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज जिनके साथ छेड़छाड़ की गई है, प्रस्तुत करता है या ऐसे विवरण दिए गए है जो झूठे हैं या जिनमें किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया गया हो या आगामी पैरा में निर्दिष्ट कोई भी कार्य को किया गया हो तो उम्मीदवार पर आपराधिक अभियोजन की कार्रवाई की जा सकती है और उन्हें स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए निम्नलिखित से वंचित किया जा सकता है:-

   i. विभाग द्वारा किसी चयन से
   ii. केंद्र सरकार द्वारा उनके अधीन किसी भी सेवा से, और
   iii. यदि वह पहले से सरकार के अधीन किसी सेवा में है तो उपयुक्त नियमों के तहत अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

III. कोई भी व्यक्ति, क) जिसने ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है जिसका पति या पत्नी जीवित है, या ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति के साथ विवाह किया है या अनुबंध किया है, उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा; बशर्ते कि केंद्र सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले व्यक्तिगत कानून के तहत इस तरह का विवाह अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है; तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के अनुपालन से छूट दी जा सकती है।

IV. चयन के दौरान या नियुक्ति के बाद यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार/वैज्ञानिक का आपराधिक रिकार्ड है, वे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, तो उन्हें चयन प्रक्रिया के बाद के किसी भी चरण में उपस्थित होने / नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा एवं इस मामले में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

V. किसी भी प्रकार की अनुचित प्रक्रिया को अपनाने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

<u>विज्ञापन के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति के मामले में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।</u>

**(बी.एल.खोड़ा)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**